08/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

शिक्षामंत्री पासांग दोरजी सोना का सदन में रिपोर्ट पेश करने के एक दिन प्रश्चात प्रदेश विधान सभा ने कल राज्य के शिक्षा परिदृश्य के रोडमेप पर एक व्यापक चर्चा किया। तीन दिवसीय चिंतन शिविर सह सम्मेलन के प्रश्चात पूरे जिलों में विभिन्न हितधारको के साथ संबद्ध मंत्री द्वारा फॉलोअप बैठकों के बाद इस रोडमेप को विकसित किया गया है। प्रदेश में शिक्षा को लगातार बेहतर बनाने के कोशिशों के बावजूद बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन वितरण, क्षमता निर्मान और सिखने के परिणाम जैसी चुनौतियों आज भी कायम है। इन मुद्दों को सुलझाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन शिक्षित अरुणाचल दो हजार उनतीस के पहल के अंतर्गत तीन साल का रणनीतिक रोडमेप तैयार किया है।

0000000000000000

प्रदेश विधानसभा ने कल भूमि प्रबंधन को बेहतर बनाने और राज्य में बाढ़ के खतरे को कम करने के लक्ष्य से दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए। भूमि प्रबंधन मंत्री बालो राजा द्वारा गुरुवार को पेश किया गया अरुणाचल प्रदेश पब्लिक प्रेमाईसेस (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया। गया। इस विधेयक का मकसद मौजूदा अरुणाचल पब्लिक प्रेमाईसेस (इविक्शन ऑफ अनऑथोराईस्ड ओकुपेशन) विधेयक दो हजार तीन में संशोधन का प्रावधान करना है ताकि भूमि विवाद समाधान को कारगर बनाया जा सके।

वहीं जल संसाधन मंत्री ब्यूराम वाहगे द्वारा पेश किए गए फ्लाड प्लान जोनिंग बील दो हजार पच्चीस को विधानसभा ने मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में राज्यभर के नदियों के किनारे बाढ़ के मैदानों को जोनिंग करने का प्रावधान है। जिससे बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जा सके।

000000000000000000

भारत की सबसे ऊंची दो लेन वाली सेला सुरंग, जो तेरह हजार फीट की उँचाई पर स्थित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले साल नौ मार्च दो हजार चौबीस को उद्घाटन के बाद अपना पहला सालगिराह मना रहा है। सेला सुरंग ने तवांग क्षेत्र से जूड़ने में कनेक्टिविटी को काफी हद तक बढ़ा दिया है। जिससे वर्षभर क्षेत्र में पर्यटक, स्थानीय लोगों और सैन्य काफिलों को निर्बाद आवागमन की सुविधा प्रदान करता है। इस अवसर को मनाने के लिए केंद्रिय मंत्री किरेन रिजिजू ने सुरंग का दौरा कर उन्होंने इस इंजनियरिंग चमत्कार के पीछे की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है।

00000000000000000000

नागालैंड के राज्यपाल ला गनेशन अपने तीन दिवसीय अरुणाचल दौरे के दौरान कहा कि सीमाओं को बाधाओं के बजाय मित्रता, विश्वास और सहयोग के सेतू के रुप में काम करना है। किमिन में कल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आई टी बी पी) और पापुम पारे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सीमा क्षेत्र कार्यक्रम में शिरकत करते हुए राज्यपाल ने यह बात कही। गौरतलब है कि राज्यपाल ला गणेशन पूर्वोत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष भी है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भाईचारे को मनाने और भारत के सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को अनुभव करने का मौका है। राज्यपाल ला गणेशन ने कहा कि संस्कृति अतीत को भविष्य से जोड़ने में सेतू के रुप में काम करता है और लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

0000000000000000000000

केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने शुक्रवार को लोहित जिले के तेजू में विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर बोलते हुए, सोमन्ना ने विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी हितधारकों से जन कल्याण को प्राथमिकता देने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि इन योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर और प्रभावी तरीके से पहुंचे। इससे पहले, लोहित के डिप्टी कमिश्नर ने चल रही योजनाओं, उनकी प्रगति और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में लोकसभा सांसद तापिर गाओ भी शामिल हुए।

0000000000000000000000

अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संघ (AAPSU) द्वारा 'एकता के धागे, विविधता को गले लगाते' थीम के तहत आयोजित तीन दिवसीय अंतर जनजातीय महोत्सव दो हजार पच्चीस आज इंदिरा गांधी पार्क, ईटानगर में शुरू हुआ।

उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महोत्सव के आयोजन, विविध जनजातियों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देने और एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए AAPSU की सराहना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, खांडू ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल हमारी समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हैं बल्कि हमारे युवाओं के बीच समझ के गहरे बंधन भी बनाते हैं, जो हमारे राज्य में एकता के मशालवाहक हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, विधायक निनोंग ईरिंग, नेसो के मुख्य सलाहकार समुज्जल भट्टाचार्य, पूर्वोत्तर के छात्र नेता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

00000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सबसे दूरदराज और ऊंचाई वाले सीमावर्ती गांवों में शिक्षा परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को एनजीओ '17000 फीट फाउंडेशन' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। 17000 फीट फाउंडेशन के निदेशक और सह-संस्थापक संदीप साहू ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रमुख शैक्षिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करता है और इसका उद्देश्य शैक्षिक सुविधाओं का आधुनिकीकरण, शिक्षण पद्धतियों को उन्नत करना और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करना है।

0000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया है कि कार्यबल में महिलाओं की संख्या अधिक होनी चाहिए क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि देश की बेटियाँ विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान को राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

0000000000000000000000